UPI-PayNow इंटीग्रेशन

हाल ही में **भारत के** [यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)] और **सिंगापुर के PayNow को दोनों देशों के मध्य** तीव्र गति से **[प्रेषण (रेमीटेंस)]** को सुनिश्चित करने हेतु एकीकृत किया गया है।

- सिंगापुर पहला देश बन गया है **जिसके साथ सीमा पार पर्सन-टू-पर्सन (P2P) भुगतान सुविधा शुरू की गई है।**
- UPI और PayNow के मध्य साझेदारी **क्लाउड-आधारित बुनियादी ढाँचे** और गैर-बैंक वित्तीय संस्थानों द्वारा भागीदारी को प्रदर्शित करने वाली विश्व की पहली साझेदारी है।



//

UPI और PayNow:

- **UPI:**
  - UPI भारत की **मोबाइल-आधारित तीव्र भुगतान प्रणाली** है, जो ग्राहकों द्वारा बनाए गए [वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (VPA)] का उपयोग करके चौबीसों घंटे त्वरित भुगतान करने की सुविधा देती है।
    - **VPA एक विशिष्ट पहचानकर्त्ता है** जो किसी व्यक्ति को डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से धन के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करता है। यह एक उपयोगकर्त्ता-निर्मित पहचानकर्त्ता है जिसका उपयोग भुगतान करते समय**संवेदनशील बैंक खाता विवरण प्रदान करने के स्थान पर** किया जा सकता है।
  - यह **प्रेषक द्वारा बैंक खाता विवरण साझा करने के जोखिम को समाप्त करता है।** UPI पर्सन-टू-पर्सन (P2P) और पर्सन-टू-मर्चेंट (P2M) भुगतान दोनों को स्वीकार करता है तथा यह उपयोगकर्त्ता को पैसे भेजने या प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है।
- **PayNow:**
  - PayNow सिंगापुर की तेज़ भुगतान प्रणाली है। यह**पीयर-टू-पीयर फंड ट्रांसफर** सेवा को सक्षम बनाता है, जो सिंगापुर में भागीदार**बैंकों और गैर-बैंक वित्तीय संस्थानों (Non-Bank Financial Institutions- NFI)** के माध्यम से खुदरा ग्राहकों हेतु उपलब्ध है।
  - यह उपयोगकर्त्ताओं को केवल अपने मोबाइल नंबर, **सिंगापुर राष्ट्रीय पंजीकरण पहचान पत्र (National Registration Identity Card- NRIC)/विदेशी पहचान संख्या (Foreign Identification Number- FIN)** या VPA का उपयोग करके सिंगापुर में एक

बैंक या ई-वॉलेट खाते से दूसरे बैंक में तत्काल धन भेजने और प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करता है।

- **अनुबंधन/लिंकेज:**
  - इस सुविधा के साथ बैंक खातों या ई-वॉलेट में रखी गई धनराशि को केवल UPI ID, मोबाइल नंबर या VPA का उपयोग करके भारत को/से स्थानांतरित किया जा सकता है।
  - यह सुविधा लाभार्थियों के विवरण, जैसे- **बैंक खाता संख्या, बैंक कोड आदि दर्ज करने की आवश्यकता को समाप्त कर देगी।**

पहल का महत्त्व:

- इस परियोजना से सिंगापुर में भारतीय डायस्पोरा, **विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को काफी लाभ होने की उम्मीद है क्योंकि यह दोनों देशों में तेज़ी से तथा लागत प्रभावी एवं बिना अन्य भुगतान प्रणाली को शामिल किये धन हस्तांतरण** की अनुमति देता है।
  - **विदेश मंत्रालय (Ministry of External Affairs- MEA)** के दस्तावेज़ प्रवासी भारतीयों की जनसंख्या (2022) के अनुसार, वर्तमान में सिंगापुर में लगभग 6.5 लाख भारतीय हैं, जिनमें अनिवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्ति शामिल हैं।
  - रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया प्रेषण सर्वेक्षण, 2021 के अनुसार, वर्ष 2020-21 में भारत के कुल आवक प्रेषणों में सिंगापुर का हिस्सा 5.7% था।
- इस प्रणाली के एकीकरण से **प्रेषण भेजने की लागत को 10% तक कम किया जा सकता है।**
- सिंगापुर और भारत के बीच प्रेषणों की लागत और अक्षमताओं को कम कर PayNow-UPI लिंकेज भुगतान के माध्यम से **सिंगापुर और भारत में व्यक्तियों तथा व्यवसायों को लाभान्वित करेगा।**

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. डिजिटल भुगतान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2018)

1. BHIM एप उपयोग करने वालों के लिये यह एप UPI सक्षम बैंक खाते से किसी को धन अंतरण करना संभव बनाता है।
2. जहाँ एक चिप-पिन डेबिट कार्ड में प्रमाणीकरण के चार घटक होते हैं, BHIM एप में प्रमाणीकरण के सिर्फ दो घटक होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (a)

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन 'एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI)' को लागू करने का सबसे संभावित परिणाम है? (2017)

(a) ऑनलाइन भुगतान के लिये मोबाइल वॉलेट की आवश्यकता नहीं होगी।
(b) डिजिटल मुद्रा लगभग दो दशकों में भौतिक मुद्रा को पूरी तरह से प्रतिस्थापित कर देगी।
(c) FDI के प्रवाह में भारी वृद्धि होगी।
(d) निर्धन लोगों को सब्सिडी का सीधा हस्तांतरण अधिक प्रभावी हो जाएगा।

उत्तर: (a)

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2017)

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में मदद करता है।
2. NPCI ने रुपे कार्ड भुगतान योजना शुरू की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (c)

सरोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/upi-paynow-integration